दिनाक 16.09.2020 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :—

जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट प्रबंधकीय समिति की बैठक में निम्न सदस्य एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया :—

1. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद।
2. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद ।
3. उप विकास आयुक्त, धनबाद।
4. सिविल सर्जन, धनबाद।
5. जिला पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद
6. सहायक खनन पदाधिकारी, धनबाद।

अन्य पदाधिकारी :—

1. निदेशक, डी0आर0डी0ए0—सह— वरीय पदा0 DMFT, धनबाद।
2. श्री संदीप वर्मा, DMFT( PMU)

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक से संबंधित प्रस्ताव से अवगत कराया गया। तदनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किया गया।

(1) COVID 19 वैश्विक महामारी को देखते हुए उसके रोकथाम हेतु ईलाज एवं अन्य के निमित आकस्मिक मद में व्यय करने हेतु अतिरिक्त राशि का उपबंध (Provision) का प्रस्ताव:—

दिनांक 28.4.2020 की बैठक में COVID 19 वैश्विक महामारी को देखते हुए उसके रोकथाम हेतु ईलाज एवं अन्य के निमित 100.00 लाख (एक करोड़) का उपबंध (Provision) किया गया है। आवश्यकता को देखते हुए मो0 75.86 लाख की लागत से निम्न सामग्री/उपकरण का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जा चुका है :—

| क्र0 | कार्यालय आदेश | सामग्री/उपकरण का नाम | संख्या | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 161/ 03.9.2020 | 02 FLO High Therapy Unit Consisting of below Three Parts | | 1532730.00 |
| | | High flow Therapy Machine 02FLO (EU Version) | 05 | |
| | | Trolley for High Flow System | 05 | |
| | | Flow Meter +Clamp+Hose | 05 | |
| | | FOC ITEM | | |
| | | Heated Breathing Tube | 05 | |
| | | Nasal Inteface Opti flow Cannula | 05 | |
| | | Auto fead Humidification Chamber | 05 | |
| 2 | 158/ 02.9.2020 | CRYOBATH | 01 | 168000.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 157/ 02.9.2020 | PLASMA APHAERESIS MACHINE | 01 Complete set | 2450000.00 |
| 4 | 154/ 02.9.2020 | ICU Bed Electric | 10 | 1068140.00 |
| 5 | 155/ 02.9.2020 | Crush Trolley | 02 | 81338.48 |
| | | Color Coded Dustbin – 60 Ltr | 03 Set | |
| 6 | 156/02.9. 2020 | MULTIPARA MONITOR WITH PREOBE | 26 | 2280000.00 |
| | | VIDEO LARYGOSCOPE | 01 | |
| 7 | 160/ 02.9.2020 | 3 INCUBATION BOX | 02 | 3000.00 |
| | | | कुल | 75,86,208.48 |

उपरोक्त उपकरण के आपूर्ति आदेश के बाद मात्र इसके निमित अवशेष 24.13 लाख रूपये मात्र की उपलब्धता तथा बढ़ते संक्रमण की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त राशि उपबंधित करने पर विचार किया गया।

वर्तमान में कोरोना संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए इसके बचाव एवं ईलाज हेतु तत्काल राशि की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सम्यक विचारोपरान्त सर्व सम्मति से 200.00 लाख (दो करोड़) अतिरिक्त राशि उपबंधित करने का निर्णय लिया गया।

**(2) COVID 19 के रोकथाम एवं ईलाज हेतु Rapid Antigen Test Kit क्रय का प्रस्ताव :–**

सरकार के द्वारा आगामी एक माह में 03 (तीन) लाख लोगों का Covid जांच करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से 01 (एक) लाख Rapid Antigen Test Kit उपलब्ध कराये जायेंगे। प्राप्त लक्ष्य के आलोक में संवेदनशील क्षेत्रों का सर्वे कराकर एक माह का कार्य योजना तैयार किया गया है। उक्त कार्य योजना के अनुरूप सफ़लता पूर्वक जांच कार्य को पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त Rapid Antigen Test Kit की आवश्यकता पड़ेगी ताकि ससमय निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप Covid जांच कराये जा सके। ऐसी स्थिति में विभागीय स्तर से प्राप्त हो रहे Rapid Antigen Test Kit की अतिरिक्त भी कीट की आवश्यकता को देखते हुए अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 1679 (MD) दिनांक 28.8.2020 द्वारा स्वीकृत दर 459.20 (चार सौ उनसठ रू0 एवं बीस पैसे) पर आपूर्तिकर्त्ता M/S SD Biosesor Healthcare Private Limited Gurgaon Haryana को कार्यालय पत्रांक 167 दिनांक 14.9.2020 से 25000 अद्द Rapid Antigen Test Kit आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया गया है। जिसकी कुल लागत मो0 114.80 लाख (एक करोड़ चौदह लाख अस्सी हजार) मात्र है।

विभागीय पत्रांक 357 दिनांक 03.2.2017 के आलोक में प्रबंधकीय समिति के समक्ष घटनोत्तर स्वीकृति हेतु रखा गया। प्रबंधकीय समिति द्वारा

वर्तमान कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न आपदा की स्थिति को देखते हुए सर्वसम्मति से 25000 अद्द Rapid Antigen Test Kit क्रय की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।

अंत में बैठक की कार्यवाही धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहायक जिला खनन पदा0 धनबाद | जिला पंचायती राज पदा0 धनबाद | सिविल सर्जन, धनबाद | निदेशक, डी0आर0डी0ए0, धनबाद |
| वन प्रमण्डल पदा0, धनबाद | उप विकास आयुक्त, धनबाद | वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद | उपायुक्त, धनबाद। |

ज्ञापांक 170 /DMFT धनबाद, दिनांक 16.9.2020

प्रतिलिपि :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों /सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उपायुक्त, धनबाद।